कार्यालय मध्य वृत्त, वन विभाग, रेल्वे स्टेशन रोड, जबलपुर (म0 प्र0) – 482 001
दूरभाष–0761–2624341,2625688 ई–मेल ccf.jbp@mp.gov.in

क्र0 / मा0चि0 / 5917

जबलपुर, दिनांक 22/09/2020

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(भू–प्रबंध)
सतपुड़ा भवन, भोपाल ।

विषय :– 132 के0व्ही0 मण्ड़ला–बिछिया मार्ग में विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण हेतु पूर्व मण्डला सामान्य वन मण्डल के 14.193 हे0 वनभूमि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता, अति उच्च दाब–निर्माण, संभाग–2 म0प्र0 पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लि0, जबलपुर को उपयोग पर देने बावत् ।(प्रपोजल क्र0–FP/MP/TRANS /41840 /2019)

संदर्भ :– वनमण्डलाधिकारी, पूर्व सा0व0म0, मण्डला का पत्र क्र0 / मा0चि0 / 948 दिनांक 15.07.2020

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि वनमण्डलाधिकारी, पूर्व सा0 वन मण्डल, मण्डला द्वारा संदर्भित पत्र से 132 के0व्ही0 मण्डला–बिछिया मार्ग में विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण हेतु कार्यपालन अभियंता, अति उच्च दाब–निर्माण, संभाग–2 म0प्र0 पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत व्यपवर्तन हेतु प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

1. प्रस्ताव आवेदक विभाग द्वारा ऑनलाईन में पंजीयन किया गया है, जिसका (प्रपोजल क्र0 FP/MP/TRANS/41840/2019 है।

2. 2. प्रस्ताव में पश्चिम सामान्य वन मण्डल, मण्डला के जगमण्डल परिक्षेत्र के कक्ष क्र0 1559 से 1563 तक 7.3062 हे0 वनक्षेत्र तथा बिछिया परिक्षेत्र के कक्ष क्र0 1546, 1547, 1551 रकवा 6.887 कुल रकवा 14.193 हे0 वनक्षेत्र प्रभावित हैं।

3. प्रस्ताव में वनमण्डलाधिकारी, पूर्व सामान्य वन मण्डल, मण्डला द्वारा भाग–2 की पूर्ती कर समस्त वचन पत्र मानचित्र आदि संलग्न किया गया है।

4. प्रस्ताव में कटनी वनमण्डल के रीठी परिक्षेत्र के कक्ष क्र0 आर0एफ0 141 रकवा 24.08 हे0 एवं बहोरीबंद परिक्षेत्र के कक्ष क्र0 ओ0–549 रकवा 60.00 हे0 कुल रकवा 84.08 हे0 बिगड़े–दुगने वन क्षेत्र पर 11 वर्षीय वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर संलग्न किया गया हैं जिसकी तकनीकी स्वीकृति आदेश क्रमांक 241 दिनांक 5.09.2020 से इस कार्यालय द्वारा जारी की गयी हैं। आवेदक विभाग द्वारा अन्य 02 प्रकरण ऑन लाईन पंजीयन किया गया हैं । जिसका पंजीयन क्रमांक FP/MP/TRANS /43281/2019 एवं FP/MP/TRANS /31323 /2018 हैं । अतः कुल 03 प्रकरणों का आवेदित क्षेत्र 42.0414 हे0 होने के कारण कटनी वनमण्डल के अंतर्गत दुगने बिगड़े वन क्षेत्र में 84.08 हे0 क्षेत्र में वनीकरण वृक्षारोपण योजना तैयार की गयी हैं।

5. व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित वनक्षेत्र का स्थल निरीक्षण वनमण्डलाधिकारी पूर्व सामान्य वन मण्डल, मण्डल द्वारा दिनांक 4.07.2020 को कियां गया हैं । स्थल निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्ताव में संलग्न हैं।

अतः प्रकरण में वनमण्डलाधिकारी द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर प्रस्ताव 03 प्रतियों में इस कार्यालय की अनुशंसा सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु संलग्न संप्रेषित हैं ।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार ।

(आर0डी0महला, भा0व0से0)
मुख्य वन संरक्षक
मध्यवृत्त जबलपुर

1719

O/C

पृ0 क्र0 / मा0चि0 / 5918 जबलपुर, दिनांक 22 / 09 / 2020

प्रतिलिपि :— 1. वनमण्डलाधिकारी, पूर्व सामान्य वन मण्डल, मण्डला की ओर उनके संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

2. वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, कटनी की ओर उनके पत्र क्रमांक / मा0चि0 / 4553 दिनांक 28.08.2020 के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

3. कार्यपालन अभियंता, अति उच्च दाब–निर्माण संभाग–2 म0प्र0 पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, जबलपुर की ओर सूचनार्थ।

मुख्य वन संरक्षक
मध्यवृत्त जबलपुर
17/9/2020

## भाग – III

संबधित मुख्य वनसंरक्षक द्वारा भरा जाना है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | स्थल जहाँ की वनभूमि शामील की गई है। क्या इसका संबंधित मुख्य वन संरक्षक ने निरीक्षण किया है (हॉ/नही) ? यदि हॉ तो निरीक्षण की तारीख और किये गये प्रेक्षणों को निरीक्षण नोट के रूप में संलग्न करें। | नही। |
| 2 | क्या संबधित मुख्य वन संरक्षक भाग 'ख' दी गई सूचना और उप वनसंरक्षक के सुझावों से सहमत है ? | सहमत है। |
| 3 | प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के बारे में संबंधित मुख्य वन संरक्षक की विस्तृत कारणों के साथ विशेष सिफारिशें । | मण्डला–बिछिया मार्ग में 132 के0व्ही0 विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण में पूर्व सामान्य वन मण्डल मण्डला के 14.193 हे0 वनक्षेत्र प्रभावित हैं । उक्त विघुत पारेषण लाईन के निर्माण से आमजन को विघुत सुविधा प्राप्त होगी एवं शासन द्वारा चलाये जा रहे बिजली प्रदाय के विभिन्न योजना में जनोपयोगी होगी। वनमण्डलाधिकारी, पूर्व सामान्य वन मण्डल, मण्डला द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर 14.193 हे0 वन भूमि आवेदक विभाग को उपयोग पर देने की अनुशंसा की जाती है। |

दिनांक :– 21/09/2020
स्थान :– जबलपुर

(आर0डी0महला, भा0व0से0)
मुख्य वन संरक्षक
मध्यवृत्त जबलपुर